# सरकारी दफ्तरों में स्थापित होंगे ओडीओपी डिस्प्ले सेंटर

## अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डॉ. सहगल ने दिए निर्देश

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि ओडीओपी ब्रांडिंग योजना के तहत प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में ओडीओपी डिस्प्ले सेंटर स्थापित कराए जाएं। इसमें जिलों में चिह्नित ओडीओपी उत्पाद का प्रदर्शन किया जाए। सभी औद्योगिक आस्थानों में अवस्थापना सुविधा को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। वे शुक्रवार को लोकभवन स्थित अपने कार्यालय में एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के तहत अधिक से अधिक वर्चुअल प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रस्तावित एमएसएमई नीति, टॉय पॉलिसी और अटल नवोदय योजना की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग में मृतक आश्रितों को सेवायोजित करने और कार्मिकों के पदोन्नति प्रकरण का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने को कहा। सहगल ने स्वरोजगारपरक योजनाओं के बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के बजट में प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत राशि की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। ब्यूरो